भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **321** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **21 जुलाई**, 2023/30 आषाढ़, 1945 (शक) को दिया जाना है

इंडियन पोर्ट रेल कॉर्पोरेशन

321. श्री देवजी एम पटेल

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडियन पोर्ट रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने आयात/निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्गो हैंडलिंग हेतु जैसलमेर-बाड़मेर-भवातड़ा को अरब सागर में स्थित कांडला बंदरगाह से जोड़ने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस परियोजना की कुल स्थापित लागत कितनी है; और

(घ) सरकार द्वारा इस परियोजना के प्रसंस्करण और कार्यान्वयन के लिए की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): जी, हां। आईपीआरसीएल द्वारा जनवरी, 2018 में जैसलमेर-बाड़मेर-भाभर (357.28 कि.मी.) के बीच प्रस्तावित संरेखण हेतु "मार्ग युक्तिकरण और लागत इष्टतमीकरण" के लिए परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है। आईपीआरसीएल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार इस परियोजना की अनुमानित निर्माण लागत 1117.00 करोड़ रु. है। इसके साथ ही, भारतीय रेल द्वारा भी वर्ष 2012-13 में इस लिंक का सर्वेक्षण किया गया था। इस परियोजना के लिए प्रतिफल दर (-) 7.74% (ऋणात्मक) है। अत:, रेल मंत्रालय ने अव्यवहार्यता के आधार पर इस परियोजना को कार्यान्वित नहीं किया था।

****